भारतीय राज्यों के राजकीय पुष्पों-फूलों के नाम की सूची

भारतीय राज्यों के राजकीय पुष्पों की सूची:

यहाँ पर भारत के राष्ट्रीय पुष्प सहित 22 भारतीय राज्यों के राज्य पुष्पों का परिचय दिया गया है। शेष राज्यों और सभी केन्द्रशासित प्रदेशों ने अभी तक अपने राज्य पुष्प घोषित नहीं किए हैं। भारत में राष्ट्रीय पुष्प कमल सहित 17 ऐसे फूल हैं, जिन्हे राजकीय सम्मान प्राप्त है। कमल को राष्ट्रीय पुष्प होने के साथ ही उड़ीसा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का राज्य पुष्प होने का भी गौरव प्राप्त है। इसके साथ तीन ऐसे फूल हैं, जिन्हें दो-दो राज्यों ने अपना राज्य पुष्प माना है। ये पुष्प हैं—लेडी स्लिपर आर्किड, ब्रह्मकमल और बुरांश। लेडी स्लिपर आर्किड अरुणाचल प्रदेश और मेघालय का, ब्रह्मकमल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का तथा बुरांश नागालैंड और हिमाचल प्रदेश का राज्य पुष्प है। इनमें उत्तर प्रदेश का राज्य पुष्प ब्रह्मकमल एवं उत्तराखंड का राज्य पुष्प ब्रह्मकमल दोनों एक ही फूल हैं। इसी प्रकार नागालैंड का राज्य पुष्प बुरांश तथा हिमाचल प्रदेश का राज्य पुष्प बुरांश दोनों एक ही हैं। किन्तु अरुणाचल प्रदेश का राज्य पुष्प लेडी स्लिपर आर्किड और मेघालय का राज्य पुष्प लेडी स्लिपर आर्किड दोनों अलग-अलग फूल हैं। अरुणाचल प्रदेश के राज्य पुष्प लेडी स्लिपर आर्किड का वैज्ञानिक नाम पैफिओपैडिलम फैरिएनम है एवं मेघालय के राज्य पुष्प लेडी स्लिपर आर्किड का वैज्ञानिक नाम पैफिओपैडिलम इन्सिग्ने है। ये दोनों फूल एक ही वंश के हैं, किन्तु दोनों में बहुत-सी असमानताएँ पाई जाती हैं।

भारत के पुष्प:

पुष्प को मनुष्य के द्वारा सजावट और औषधि के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके अलावा घरों और कार्यालयों को सजाने में भी इनका उपयोग बहुतायत से होता है। भारत में पुष्प की खेती एक लंबे अरसे से होती रही है, लेकिन आर्थिक रूप से लाभदायक एक व्यवसाय के रूप में पुष्पों का उत्पादन पिछले कुछ सालों से ही प्रारंभ हुआ है। समकालिक पुष्प जैसे गुलाब, कमल ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, कार्नेशन आदि के बढ़ते उत्पादन के कारण गुलदस्ते और उपहारों के स्वरूप देने में इनका उपयोग काफ़ी बढ़ा है। मध्यम वर्ग के जीवनस्तर में सुधार और आर्थिक संपन्नता के कारण पुष्प बाज़ार के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया और फूलों की खेती को एक विशाल बाज़ार का स्वरूप प्रदान कर दिया है। भारत ने पुष्प उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश के लगभग 1.14 लाख हेक्टेयर भूमि पर पुष्प कृषि की जाती है। देश में 6,70,000 मैट्रिक टन फूलों का उत्पादन होता है इसके अलावा 13,009.3 मिलियन काटे गए फूलों का उत्पादन होता है।

भारत के राज्यकीय पुष्पों की सूची:

भारतीय राज्यों के नाम	राजकीय पुष्प का नाम	पुष्प का वैज्ञानिक नाम
आंध्र प्रदेश	नीलकमल	–
अरुणाचल प्रदेश	लेडी स्लिपर आर्किड	पैफिओपैडिलम फैरिएनम
असम	द्रौपदी माला	द्रौपदी माला
बिहार	कचनार	बहिनिया अकुमिनेटा
छत्तीसगढ़	–	–
गोआ	–	–
गुजरात	–	–
हरियाणा	कमल	कमल
हिमाचल प्रदेश	बुरांश	
जम्मू और कश्मीर	कमल	राहोडोडेंड्रॉन पोंटिकम (एक प्रकार का फल)
झारखंड	पलाश	पलाश
कर्नाटक	कमल	कमल
केरल	अमलतास	अमलतास
लक्षद्वीप	–	–
मेघालय	लेडी स्लिपर आर्किड	पैफिओपैडिलम इन्सिग्ने
मध्य प्रदेश	पलाश	पलाश
महाराष्ट्र	जरुल	जरुल
मणिपुर	सिरोय कुमुदिनी	सिरोय कुमुदिनी
मिज़ोरम	लाल वांडा	–
नागालैंड	बुरांश	–
उड़ीसा	सीता अशोक	Saraca इंडिका
पॉण्डिचेरी	–	–
पंजाब	–	–
राजस्थान	रोहेड़ा	रोहेड़ा
सिक्किम	येरूम लेयी (मणिपूरी भाषा मे)	येरूम लेयी
तमिलनाडु	करी हरी	कलिहारी
त्रिपुरा	नाग केसर	नाग केसर

उत्तराखण्ड (पूर्व नाम उत्तरांचल)	बुरांस	राहोडोडेंड्रॉन अरबोरिम (एक प्रकार का फल)
उत्तर प्रदेश	ब्रह्म कमल	ब्रह्म कमल
पश्चिम बंगाल	प्राजक्ता	प्राजक्ता